चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/745
दिनांक : 14.6.2024

अनुस्मारक

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
(संघटक/राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः—** समर्थ पोर्टल पर सूचनाएँ अपलोड किये जाने हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/693, दिनांक 07.06.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि समर्थ पोर्टल पर दिनांक 11.06.2024 तक सूचनाएँ अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कुछ संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा ही समर्थ पोर्टल पर संस्थान/महाविद्यालय का विवरण अपलोड किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में आपको पुनः निर्देशित/सूचित किया जाता है कि आप विश्वविद्यालय द्वारा विकसित आनलाईन पोर्टल पर दिये गये लिंक http://www.ccsum.org.in/index.php पर अंकित समर्थ पोर्टल पर संस्थान/महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त विवरण दिनांक 15.06.2024 तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें। जिससे विश्वविद्यालय द्वारा समर्थ पोर्टल पर सम्बद्ध संस्थानों/महाविद्यालय का विवरण अपलोड किया जा सके।

**नोटः—** **जिन संस्थानों/महाविद्यालय द्वारा पूर्व में उपर्युक्त लिंक पर संस्थान का विवरण अपलोड किया जा चुका है वे संस्थान/महाविद्यालय पूर्व में प्राप्त ID- Password से उक्त पोर्टल को Login करते हुए अपना विवरण समर्थ पोर्टल क्लिक करते हुए सम्बन्धित सूचनाएँ अपलोड करें। इसके अतिरिक्त नवीन संस्थान अथवा ऐसे संस्थान/महाविद्यालय जिन्होने पूर्व में उक्त लिंक पर संस्थान/महाविद्यालय को पृजीकृत नहीं किया गया है। वे संस्थान/महाविद्यालय सर्वप्रथम अपने संस्थान को पंजीकृत (Registered) करते हुए संस्थान/महाविद्यालय का विवरण समर्थ पोर्टल पर क्लिक करते हुए सम्बन्धित सूचनाएँ अपलोड करें।**

भवदीय,
13-6-2024
कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रभारी वेबसाइड, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)